Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 05-08-2005
Participants : Bansal Shri Pawan Kumar,Suman Shri Ramji Lal

>

Title : Situation arising out of alleged delition of a photograph of Mahatama Gandhi from school text books .

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : सभापति महोदया, सर्व-शिक्षा अभियान के तहत, शिक्षा के विकास के लिए, राज्य सरकारों को, भारत सरकार दौलत देती है। छत्तीसगढ़ राज्य में 2 करोड़ 75 लाख रुपये की छात्रों को पुस्तकें वितरित की गई हैं छत्तीसगढ़ सरकार का कहना है कि छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए पुस्तकों का वितरण किया गया। लेकिन दुःख की बात है कि इन पुस्तकों में महात्मा गांधी जी के चित्रों के स्थान पर वहां के मुख्यमंत्री हैं श्री रमन सिंह जी का चित्र लगा दिया है। सभापति महोदया, यह गंभीर मामला है।

गांधी जी देश की धरोहर हैं और गांधी जी को हिंदुस्तान की सीमाओं में कैद नहीं किया जा सकता। गांधी जी दुनिया के बड़े आदमियों में से एक थे। जब गांधी जी का इंतकाल हुआ तो सोवियत रूस को छोड़ करके, दुनिया का कोई ऐसा देश नहीं था जिसने गांधी जी के सम्मान में अपने झंडे न झुकाएं हों। सभापति महोदया, यहां से जो दौलत जाती है उसका दुरुपयोग हो रहा है और यह पार्टी के और कुछ व्यक्तियों के प्रचार में लगाई जा रही है, जोकि चिंता का विाय है। यह करोड़ों लोगों की भावनाओं से खिलावाड़ करने वाली बात है। महात्मा गांधी जी के चित्र को हटाकर किसी मुख्यमंत्री का चित्र लगे, इसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। महात्मा गांधी जी का महत्व क्या है, इसे वे लोग क्या जानें जो महात्मा गांधी जी की हत्या में शामिल हों और कुछ सूबों में उनकी सरकारें हों। महात्मा गांधी जी का चित्र हटाकर किसी मुख्यमंत्री का चित्र लगाया जाए, इसको देश बर्दाश्त नहीं करेगा। मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि तत्काल उस स्थान पर महात्मा गांधी जी का चित्र लगे और देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का काम न किया जाए।

श्री पवन कुमार बंसल (चण्डीगढ़) : महोदया, गंभीर मसला है। हम माननीय रामजी लाल सुमन जी का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने इस मसले को उठाया। Please permit us to associate with this.

सभापति महोदया : ठीक है।